***प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-***
***(पत्रांक-259/2026 दिनांक-16.09.2026)***
***दिनांक-16.09.2026 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-***

**👉🚨थाना साइबर क्राइम व साइबर सेल कुशीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा-**

**👉🚨मोबाइल चोरी कर यूपीआई पिन रिसेट कर फ्लिपकार्ट व अन्य वेवसाइट के माध्यम से 08 लाख 70 हजार रुपये की खरीदारी करने वाले 02 नफर शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर  डा0 राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में CY-VAJRA-02 अभियान के तहत दिनांक 15.09.2026 को थाना साइबर क्राइम व साइबर सेल कुशीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना साइबर क्राइम, कुशीनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-14/2026 से संबंधित साइबर ठगी की घटना का अनावरण करते हुए मोबाइल चोरी कर यूपीआई पिन रिसेट कर फ्लिपकार्ट व अन्य वेबसाइट के माध्यम से 08 लाख 70 हजार रुपये की खरीददारी करने वाले खरीदारी किये गये सामान के साथ 02 नफर शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध का तरीका-**
पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि वे फोन चोरी करते थे। चोरी किए गए फोन का लॉक तोड़कर उसे रीसेट और फॉर्मेट कर देते थे। इसके बाद मोबाइल को पुनः चालू करते थे। चालू करने के बाद चोरी किए गए मोबाइल में लगे सिम कार्ड नंबर का उपयोग करके जीमेल आईडी प्राप्त करते थे। आवश्यक डेटा रिकवर करके यूपीआई पिन रीसेट करते थे और बैंक बैलेंस चेक करते थे। इसके

Edit with WPS Office

पश्चात चोरी किए गए मोबाइल में फ्लिपकार्ट आईडी तथा अन्य वेबसाइटों के माध्यम से ऑनलाइन खरीदारी करते थे। सामान फर्जी पते पर मंगवाकर डिलीवरी प्राप्त कर लेते थे। फिर उन सामानों को उचित दाम पर बेच देते थे अथवा कुछ सामान स्वयं इस्तेमाल कर लेते थे।

**पंजीकृत अभियोग–**
मु0अ0सं0 14/2026 धारा 303(2) बीएनएस व 66सी आईटी एक्ट एवं बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना साइबर क्राइम जनपद कुशीनगर

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**
1- इरशाद अन्सारी पुत्र सिकन्दर अन्सारी सा0 जंगल लाला छपरा सोहनपुर थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
2- अर्जुन कुमार रजक पुत्र दिलीप कुमार रजक सा0 जंगल लाला छपरा दुबौली बाजार थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर

**बरामदगी का विवरण-**
- 07 अदद मोबाइल फोन (तीन अदद आईफोन, दो अदद सैमसंग गैलेक्सी एस-26 अल्ट्रा, एक अदद नथिंग मोबाइल, एक अदद मोटोरोला मोबाइल), 03 अदद पावर बैंक, 01 अदद ईयरबड्स, 03 अदद आयरन (प्रेस), 02 अदद इण्डेक्शन, 01 अदद सैण्डविच मेकर, 01 अदद सीलिंग फैन, 01अदद मिक्सर ग्राइण्डर, 02 अदद रेडबुल एनर्जी ड्रिंक, 05 अदद कैडबेरी सेलीब्रेशन चॉकलेट (फ्लिपकार्ट व अन्य वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन की गयी खरीदारी से संबंधित सामान कीमत लगभग 08 लाख 50 हजार)

- जामा तलाशी से प्राप्त रु0 800 नकद व 02 अदद मोबाइल फोन एन्ड्रायड

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**
1- निरीक्षक मनमोहन मिश्रा थाना साइबर क्राइम जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office

2- प्रभारी साइबर सेल उ0नि0 सुनील कुमार सिंह जनपद कुशीनगर
3- हे0का0 विजय कुमार चौधरी साइबर सेल जनपद कुशीनगर
4- का0 अखिलेश कुमार गुप्ता साइबर सेल जनपद कुशीनगर
5- का0 अमित कुमार गुप्ता साइबर सेल जनपद कुशीनगर
6- का0 प्रशान्त कुमार मिश्रा साइबर सेल जनपद कुशीनगर
7- का0 प्रदीप कुमार यादव थाना साइबर क्राइम जनपद कुशीनगर

**जनपद कुशीनगर पुलिस की अपील**

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि यदि आपका मोबाइल फोन किसी अनजान व्यक्ति अथवा साइबर अपराधी द्वारा चोरी कर लिया जाता है, तो निम्नलिखित कदम तत्काल उठाएँ:

1. सबसे पहले अपने मोबाइल नंबर से लिंक सभी महत्वपूर्ण खातों (बैंक, UPI, ई-मेल, सोशल मीडिया आदि) को हटा दें।
2. CEIR पोर्टल (www.ceir.gov.in) (www.ceir.gov.in) पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें तथा अपने नजदीकी थाने में मोबाइल चोरी/गुम होने की सूचना दर्ज कराएँ।
3. चोरी गए मोबाइल नंबर को तुरंत ब्लॉक करवाकर नया सिम कार्ड प्राप्त कर लें।

नोट: जितनी शीघ्रता से उपरोक्त कार्यवाही की जाएगी, आपके व्यक्तिगत एवं वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के साथ ही अपराधी को पकड़ने की प्रक्रिया भी उतनी ही प्रभावी होगी।

**जनपद कुशीनगर में वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.09.2026 को थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी, थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी, थाना सेवरही पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

Edit with WPS Office

**थाना कसया व ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 6.900 किलोग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 40 लाख रुपये) के साथ किया गया गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया श्री अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद कुशीनगर में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री/परिवहन/निष्कर्षण के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कसया व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के संयुक्त की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कसया क्षेत्र से 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध अफीम कुल वजन मय पालीथीन सहित 6.900 किलोग्राम, 01 अदद किपैड मोबाइल, 200 नकद रुपये, एक अदद नकदी रसिद (भंसार नेपाल) बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0552/2026 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग-**
मु0अ0सं0 0552/2026 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट थाना कसया जनपद कुशीनगर

**गिरफ्तार अभियुक्त-**
शेषनाथ साहनी उर्फ बद्रीनाथ पुत्र विनोद साहनी निवासी ग्राम रामनगर थाना मिम्रौनगढ जनपद बारा नेपाल

**बरामदगी का विवरण-**
1. अवैध अफीम कुल वजन मय पालीथीन सहित 6.900 किलोग्राम (कीमत लगभग 40 लाख रुपये)
2. 01 अदद किपैड मोबाइल
3. 200 नकद रुपये,
4. एक अदद नकदी रसीद (भंसार नेपाल)

Edit with WPS Office

**गिरफ्तार करने वाले टीम का नामः-**
1. थानाध्यक्ष इत्यानन्द पाण्डेय थाना कसया जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 सूरज सिंह ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
3. उ0नि0 राहुल कुमार सिंह थाना कसया जनपद कुशीनगर
4. उ0नि0 सुजीत कुमार पाण्डेय थाना कसया जनपद कुशीनगर
5. हे0का0 संगम पटेल ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
6. हे0का0 मो0 खालिद खॉ ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
7. हे0का0 दिनेश कुमार सिंह ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
8. हे0का0 मो0 तारिक ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
9. हे0का0 पीयूष कुमार सिंह ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
10. का0 अमरजीत कुमार ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
11. का0 राजन कुमार ए0एन0टी0एफ0 यूनिट बाराबंकी
12. का0 बृजमोहन यादव थाना कसया जनपद कुशीनगर
13. का0 धर्मेन्द्र कुमार गौतम थाना कसया जनपद कुशीनगर

***शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 49 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

***कार्यवाही एक नजर में-***
1. मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान- 47 वाहन
2. 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0- 76, व्यक्ति -211
3. वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(06)
4. जनपद में कुल गिरफ्तारी– (कुल 55)

***सोशल मीडिया सेल***
***जनपद कुशीनगर***

Edit with WPS Office